नामी ब्रांड्स के नकली लेबल लगाकर बेच रहा था सामान, दिल्ली के शालीमार बाग से कारोबारी

गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली। प्राडा, लकोस्टे, बरबेरी, ह्यूगो बास और गैंट जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों के कपड़े, घड़ियां, सनग्लासेज, परफ्यूम के नकली लेबल बदलकर बाजार में बेचने वाले आरोपित को उत्तर पश्चिमी जिले की जिला अन्वेषण इकाई की टीम ने गिरफ्तार किया है।

आरोपित की पहचान शालीमार बाग के मोहित सचदेवा के रूप में हुई है। उसकी शालीमार बाग स्थित डिजाइन हुड नामक दुकान से भारी मात्रा में प्रीमियम ब्रांड के नकली लेबल लगे हुए कपड़े, घड़ियां, सनग्लासेज, परफ्यूम, डियोडोरेंट व फुटवियर बरामद हुए।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-delhi-mohit-sachdeva-arrested-for-selling-fake-branded-goods-40239231.html